प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- वक्फ संशोधन विधेयक–2024 आज लोकसभा में पेश किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – राज्य सरकार प्रदेश की हर ग्राम पंचायत पर ग्राम सेवा सहकारी समिति बना रही है।
- विमान यात्री अब रत्न, आभूषण और मशीनरी के नमूने आयात–निर्यात के लिए व्यक्तिगत सामान में ले जा सकेंगे।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी–गर्मी का असर तेज़।

00000

वक्फ संशोधन विधेयक–2024 आज लोकसभा में पेश किया जाएगा। सरकार इस विधेयक पर चर्चा करने और पारित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कल संसद भवन में मीडिया से बात करते हुए अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सदन में विधेयक पर चर्चा के लिए 8 घंटे आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी है कि सदन की राय जानने के बाद चर्चा के लिए समय बढ़ाया जा सकता है।

......

श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। मंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कानून का विरोध कर रहे हैं। गौरतलब है कि संशोधन विधेयक का उद्देश्य देश में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकार से समृद्धि की भावना के साथ समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कल सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि गांवों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सेवा सहकारी समितियां बना रही है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान सहकारिता अधिनियम 2001 को प्रासंगिक बनाने के लिए नये कॉपरेटिव कोड लेकर आएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभागीय बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

0000

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने बहु–बैंकिंग केंद्रीकृत संग्रह प्रणाली में 15 और बैंकों को शामिल किया है। इसके साथ ही इस पैनल में शामिल सरकारी और निजी बैंकों की संख्या बढकर 32 हो गई है। कल नई दिल्ली में इस करार पर हस्ताक्षर के समय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ लगभग आठ करोड़ सदस्यों और 78 लाख से अधिक पेंशन भोगियों को सामाजिक सुरक्षा और अन्य लाभ उपलब्ध करा रहा है। श्री मांडविया ने कहा कि नए शामिल 15 बैंक सालाना लगभग 12 हजार करोड़ रूपये का प्रत्यक्ष भुगतान करेंगे और कर्मचारी सीधे इन बैंकों से लेन–देन कर सकेंगे।

0000

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मुस्कान पहल कार्यक्रम के लिए पाली के बांगड अस्पताल का चयन किया गया है। हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य 12 वर्ष तक आयु के बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है

.....

0000

राज्य सरकार ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों में विभिन्न कार्यो के लिए 66 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति जारी की है। इनमें मंडी यार्ड में विद्युत, मरम्मत, नये निर्माण कार्य और संपर्क रोड़ बनाया जाना शामिल है। सरकार के इस निर्णय से भादरा, टिब्बी, रावतसर, गोलूवाला, इटावा, जैतसर, सादुलशहर और श्रीकरणपुर कृषि उपज मंडियों में करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न यार्ड

विकास के कार्य किए जाएंगे। वहीं कोटपूतली, सुमेरपुर, सूरतगढ़, कोटा, श्रीगंगानगर, नागौर और गोलूवाला मंडियों में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से संपर्क सड़के बनवाई जायेंगी।

00000

विमान यात्री अब आयात–निर्यात के लिए रत्न, आभूषणों और मशीनरी के नमूने अपने व्यक्तिगत सामान में ले जा सकेंगे। इसके लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड इन नमूनों की इलेक्ट्रोनिक प्रोसेसिंग शुरू करने जा रहा है। निर्यात की व्यवस्था इस वर्ष पहली मई से नौ हवाई अड्डों पर लागू कर दी जाएगी। इनमें जयपुर सहित दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, कोच्चि, कोयंबटूर, बैंगलुरू और हैदराबाद के हवाई अड्डे शामिल हैं। व्यक्तिगत सामान का आयात जयपुर, दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलुरू और हैदराबाद हवाई अड्डों पर किया जा सकेगा। मशीनरी के नमूनों का आयात–निर्यात बैंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई हवाई अड्डों से हो सकेगा।

0000

ब्यावर के बलाड़ रोड स्थित एक फैक्ट्री में हुए गैस रिसाव हादसे के मृतको और घायलो को राज्य सरकार की ओर से सहायता राशि दी जायेगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि मृतको के परिजनों को एक–एक लाख तथा घायलों को 25–25 हजार रूपये की राशि दी जायेगी। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि मंत्री ने कल अजमेर के जेएलएन अस्पताल पहुंचकर गैस रिसाव दुखान्तिका के पीड़ितों और उनके परिजनों से मुलाकात की।

.....

0000

राजस्थान रोडवेज ने जयपुर के नारायण सिंह सर्किल पर निगम के वाहनों का ठहराव और बुकिंग बंद कर दी है। जयपुर–दौसा मार्ग और जयपुर–दिल्ली वाया दौसा एक्सप्रेसवे पर बसों का संचालन ट्रांसपोर्ट नगर टनल के पास नए बस स्टैंड से किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए वहां 24 घंटे वाहन बुकिंग, यात्री शेड, पंखे, लाइटिंग, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, वाटर कूलर सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई है। वहीं जयपुर–दिल्ली और जयपुर–अलवर मार्ग की बसों के संचालन और बुकिंग की व्यवस्था ट्रांसपोर्ट नगर ओवरब्रिज के पास बजरी मंडी बस स्टॉप से की गई है।

0000

जोधपुर आईआईटी ने देश में पहली बार ब्रिज इंजीनियरिंग और ड्रोन टेक्नोलॉजी में एमटेक डिग्री कोर्स शुरू किया है। पहले सत्र के प्रवेश भी शुरू कर दिये गये है। ड्रोन विशेषज्ञों की जरूरतों को देखते हुए जोधपुर आईआईटी ने ये पहल की है। आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि इस पाठ्यक्रम की विशेषता है कि छात्र स्क्रैच से ड्रोन को इकट्ठा कर घटकों का विश्लेषण करेंगे और उड़ान परीक्षण भी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि ब्रिज इंजीनियरिंग कोर्स विशेष रूप पुल डिजाइन, निर्माण और रखरखाव में आधुनिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

00000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। अगले एक–दो दिनों में दिन और रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में आज बादल छाए रहने की संभावना है। वहीं कल जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में कुछ जगह मेघ–गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

....

0000

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि 2 हजार रुपये के 98 दशमल दो एक फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6 हजार तीन सौ छियासठ करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी लोगों के पास हैं। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2 हजार रुपये मूल्य के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के माध्यम से 2,000 रुपये के बैंक नोट अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए त्ठप् के किसी भी निर्गम कार्यालय में भेज सकते हैं।

0000

निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों के साथ सबसे बड़ा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के स्तर पर 4 हजार 719 बैठकें आयोजित की गई है। इनमें मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा 40 बैठकें, जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा 800 बैठकें और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 3

हजार 879 बैठकें शामिल हैं, इन बैठकों में देश भर में 28 हजार से अधिक पार्टी प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया है। इस संपर्क अभियान का उद्देश्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनावी प्रक्रिया से जुड़े लंबित मुद्दे को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय–समय पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मैनुअल, दिशानिर्देशों और निर्देशों के अनुरूप मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर हल करना है।

0000